# आकाशवाणी, गोरखपुर

**<u>दिनांक–06 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आज रात शुरू हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढावा देना है। 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक शासन सुधारों और जलवायु परिवर्तन से जुडी चुनौतियों के अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी कई नेताओं के साथ चर्चा भी करेंगे। दोनों देशों के बीच प्रगाढ कार्यनीतिक संबंधों के बारे में प्रधानमंत्री ब्राजील के राष्ट्रपति इनासियो लुला डी सिल्वा के साथ चर्चा करेंगे। ब्राजील पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। एक रिपोर्ट–

***ब्राजील में काफी अरसों से बसे भारतीय मूल के लोगों ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जोरदार स्वागत किया। आस्त्रा लाइट नाम के ब्राजिलियन गायकों ने ओम उच्चारण और तिरंगा फहलाते हुए मोदी–मोदी की गुंज के साथ भारत माता की जय के नारों के साथ उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेंगे और उसके बाद अन्य बैठकों में भी भाग लेंगे। सुधीन्द्रा, आकाशवाणी समाचार, रियो डी जेनेरो ब्राजील।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रख्यात शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन भारत की एकता और अखण्डता के लिये समर्पित रहा है। एक देश एक प्रधान एक विधान और एक निशान के उनके सपने को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे हैं।

**********

प्रदेश में पौधरोपण महाअभियान–दो हजार पचीस के तहत नौ जुलाई को प्रदेश सरकार ने नया कीर्तिमान बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत नौ जुलाई को एक ही दिन में सैंतीस करोड़ पौधे लगाए जायेंगे। इस लक्ष्य को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार बैठकें कर चुके हैं। पौधरोपण महाअभियान में जनसहभागिता पर सरकार का विशेष जोर है। एक रिपोर्ट–

***प्रदेश सरकार द्वारा पौधरोपण महाअभियान दो हजार पचीस को जनसहभागिता के साथ अभूतपूर्व बनाने के लिये जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। इस महाअभियान में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, किसानों, अधिवक्ताओं, राजकीय कर्मचारियों, चिकित्सकों, स्वयंसेवी संस्थाओं सभी की भागीदारी सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि जनसहभागिता से एक दिन में सैंतीस करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य हासिल किया जाय। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रीतेश।***

**********

प्रदेश सरकार गो–वंश के संरक्षण और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिये मुख्यमंत्री सहभागिता योजना शुरू करने जा रही है। इसके अन्तर्गत किसान एक से चार तक गो–वंश गोद ले सकेंगे। ऐसे किसानों के आवासीय परिसर में मनरेगा के तहत व्यक्तिगत पशु आश्रय स्थल बनाये जायेंगे। साथ ही, लघु बायोगैस यूनिट भी लगायी जायेगी। उत्तर प्रदेश गो–सेवा आयोग के विशेष कार्याधिकारी डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार की इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**********

पवित्र सावन माह में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से निकाली जाने वाली कांवड़ यात्राओं को लेकर प्रशासन और पुलिस की तरफ से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मिर्जापुर में कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिये पुलिस ने विशेष योजना तैयार की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं कांवड़ियों की सहायता और मार्गदर्शन के लिए 10 प्रमुख स्थलों पर सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर कांवड़ियों को पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**********

मुहर्रम की दसवीं तारीख यानी यौमे आशूरा पर आज प्रदेश भर में ताजिया जुलूस निकाले गये। इन जुलूसों में युवाओं ने कई करतब भी दिखाये। गोरखपुर महानगर के सभी इमाम चौकों पर बैठाए गए ताजियों के साथ आज अकीदतमंदों ने जुलूस निकाला। पहली मुहर्रम से शुरु हुई महफिलों का समापन दसवीं मुहर्रम को कुल शरीफ की रस्म के साथ हुआ। लखनऊ, अयोध्या, जौनपुर, बलरामपुर सहित सभी जिलों में दसवीं मुहर्रम पर जुलूसों की समाप्ति पर ताजियों को कर्बला में दफनाया जा रहा है। यौमे आशूरा पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। दसवीं मुहर्रम के जुलूसों को लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।

**********

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों के कुछ जिलों में आज हल्की बारिश हुयी जबकि पूर्वी जिलों में मौसम सामान्य रहा। हालांकि मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिये पूर्वी जिलों में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। बीते दिनों हुयी बारिश के चलते कुछ जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। मिर्जापुर में गंगा नदी के जलस्तर में औसतन सवा सेंटीमीटर प्रतिघंटे की वृद्धि हो रही है।

**********